कार्यालय कलेक्टर एवं जिला नागरिक पंजीयन रजिस्ट्रार
दुर्ग (छ0ग0)
// डाटा एन्ट्री कार्य हेतु निविदा प्रारूप //

क्रंमाक /3424/ जनगणना शाखा / 2016 दुर्ग दिनांक 10/06/2016

राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (N.P.R) में किये गये सुधार कार्य के पश्चात प्रत्येक परिवार के एन0पी0आर0 डाटा की प्रविष्टि करने हेतु 100 से 120 डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं 100 से 120 कम्प्यूटर सह उपकरण की आवश्यकता होगी उक्त कार्य हेतु इच्छुक निविंदादाता (वेन्डर) प्रति सदस्य के नाम से डाटा एन्ट्री कार्य हेतु निविदा जमा कर सकते है। शासन द्वारा उपरोक्त कार्य की समयावधि 90 दिवस दिया गया है। निविदा के नियम एव शर्त निम्नानुसार है:–

(1) आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25.06.2016 को शाम 4.00 बजे तक।
(2) निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 29.06.2016 को दोपहर 2.00 बजे तक।
(3) आवेदन एवं निविदा जमा कलेक्टर कार्यालय दुर्ग के कक्ष क्रं. 29 में की जावेगी।
(4) निविंदा खोलने की तिथि 30.06.2016 को अपरान्ह 1.00 बजे।
(5) निविदा खोलने का स्थान अपर कलेक्टर कक्ष नं. 32 कार्यालय कलेक्टर दुर्ग।

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय कलेक्टर दुर्ग के (NIC) प्रथम तल में कार्यालयीन दिवस में प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक अवलोकन किये जा सकते है।

कलेक्टर 10/6/16
जिला दुर्ग (छ.ग)

पृ.0क्रं0 /3424/ जनगणना शाखा /2016 दुर्ग दिनांक 10/06/2016

प्रतिलिपिः–

1. अपर सचिव छ0ग0 शासन, गृह (जनगणना) विभाग, रायपुर को उनके पत्र दिनांक 27.05.2016 के संदर्भ में सूचनार्थ।
2. निर्देशक, जनगणना निर्देशालय छ0ग0 रायपुर को सूचनार्थ।
3. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी दुर्ग को सूचनार्थ लेख है कि उपरोक्तानुसार निविदा की प्रारूप एवं शर्तो को राज्य के वेबसाइट www.cgstate.gov.in एवं जिले के वेबसाई durg.gov.in में अपलोड करें।
4. उपसंचालक जनसंपर्क विभाग दुर्ग की ओर सूचनार्थ कर लेख कि तीन दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करावें।

कलेक्टर
जिला दुर्ग (छ.ग)

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला नागरिक पंजीयन रजिस्ट्रार दुर्ग (छ.ग.)

//निविंदा के नियम एवं शर्ते//

क्रं0/9427/एन0पी0आर0/जनगणना शाखा/2016/ दुर्ग दिनांक 10/06/2016

राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्ट्रार (N.P.R) में किये गये सुधार कार्य के पश्चात प्रत्येक परिवार के एन0पी0आर0 डाटा की प्रविविष्ट एन0पी0आर0 साफ्टवेयर में (अंग्रेजी एवं हिन्दी) में प्रविष्टि करने हेतु निम्नलिखित शर्तो के अधीन सील बंद निविदा दिनांक 29.06.2016 तक समय दोपहर 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, निविदा के नियम एवं शर्ते निम्नानुसार है:–

(1) डाटा एन्ट्री आपरेटर की शैक्षणिक योग्यता न्युनतम 10+2 एवं हिंदी व अंग्रेजी कम्प्यूटर टायपिंग परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए, साथ ही डाटा एन्ट्री आपरेटर को आनलाईन डाटा एन्ट्री करने में सक्षम होना चाहिए।

(2) निविंदा जमा करने वाली कंपनी/फर्म का जीवित पंजीयन वाणिज्य कर विभाग छ0ग0 का होना अनिवार्य है एवं आयकर विवरण पत्रक वर्ष 2015–16 प्रस्तुत करना भी अनिवार्य होगा।

(3) निविंदा जमा करने वाली कंपनी को डाटा एन्ट्री कार्य का 2 वर्षों का अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(4) डाटा एन्ट्री का कार्य आदेश प्राप्ति की तिथि से 70 दिवस के भीतर कार्य पूर्ण करना होगा।

(5) निविंदाकार को वाणिज्य कर विभाग द्वारा जारी कर (टैक्स) चुकता प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा, चालान की प्रति मान्य नहीं कि जायेगी।

(6) डाटा एन्ट्री में गलत प्रविष्टि पर किसी भी प्रकार की राशि देय नहीं होगी।

(7) संबंधित वेण्डर को नगर निगम/तहसीलदार/नगर पालिका अधिकारी/नगर पंचायत अधिकारी के द्वारा चिन्हाकित स्थान में डाटा एन्ट्री का कार्य करना होगा। जिले में कुल 12 केन्द्रों में डाटा एन्ट्री कार्य समपन्न किया जायेगा।

(8) किसी प्रकार की विवाद की स्थिति में कलेक्टर एवं जिला नागरिक पंजीयन रजिस्ट्रार का निर्णय अंतिम होगा।

(9) अमानत राशि के रूप में 25,000/– रूपये का डिमान्ड ड्राफ्ट कलेक्टर एवं जिला नागरिक पंजीयन रजिस्ट्रार के नाम से निविंदा के साथ प्रस्तुत करना होगा।

(10) समयावधि में कार्य पूर्ण न करने पर अमानत राशि राजसात करते हुए 200/– रू0 प्रतिदिन कि दर से भुगतान राशि से कटौती कर ली जावेगी।

(11) डाटा एन्ट्री आपरेटरों के नाम पता एवं सम्पर्क नम्बर की सूची पृथक से एवं उनकी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के साथ निविंदाकार द्वारा जमा करना अनिवार्य होगा।

(12) प्रस्तुत निविंदा की दर के संबंध में निगोसियोशन का अधिकार कलेक्टर दुर्ग को रहेगा।

(13) स्वीकृत निविंदाकार को कार्य आदेश प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर स्टांप पेपर पर अनुबंध कराना अनिवार्य होगा।

(14) जिले में अनुमानतः 17 लाख व्यक्तियों के डाटा एन्ट्री अंग्रेजी एवं हिन्दी में शासन द्वारा निर्धारित NIC के साफ्टवेयर में कराया जाना है।

(15) निविदाकार को 100 से 120 नग कम्प्यूटर सह उपकरण के साथ 100 से 120 डाटा एन्ट्री आपरेटर उपलब्ध कराने होंगे।

(16) निविंदाकार को फर्म/कंपनी का पेन कार्ड की छायाप्रति एवं बैंक खाते का छायाप्रति संलग्न करना होगा।

(17) निविदा एवं शर्तो को राज्य के वेब साईड www.cgstate.gov.inएवं जिले के वेब साईड www.durg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

(18) निविंदाकार को विगत 02 वर्षो का (2013–14 एवं 2014–15) का आयकर चुकता प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा।

(19) शासन द्वारा आपरेटरों के लिए अधिकृत स्वीकृत राशि रूपये 4.00 प्रति रिकार्ड में से पर्यवेक्षक को भी भुगतान किया जावेगा। यदि निविदा में स्वीकृत दर शासन द्वारा निर्धारित दर रूपये 4.00 प्रति व्यक्ति के रिकार्ड (हिन्दी एवं अंग्रेजी सहित) के सीमा पर होने पर निविदा अनुबंधित की जावेगी। यदि निविदा में प्रस्तुत दर निर्धारित दर से अधिक होने पर इसे स्वतः निरस्त माना जावेगा।

(20) विस्थापित (माईग्रेटेड) अथवा मृत व्यक्ति के डाटा एन्ट्री कार्य हेतु रूपये 1.00 अधिकतम शासन द्वारा निर्धारित है।

(21) निविदाकार को दो सील बंद लिफाफा निविंदा प्रस्तुत करते समय प्रस्तुत करना होगा। प्रथम लिफाफा "अ" लिखना होगा जिससे निर्धारित प्रपत्र में चाहे गये दस्तावेज संलग्न कर प्रस्तुत करना होगा। दूसरे लिफाफा पर लिफाफा "ब" लिखना होगा जिसके अंदर निर्धारित प्रपत्र में जानकारी होना आवश्यक है।

(22) लिफाफा "अ" की जानकारी अपूर्ण होने पर उस निविदाकार का लिफाफा "ब" नहीं खोला जाएगा तथा अपात्र घोषित किया जायेगा।

(23) प्रत्येक डाटा एन्ट्री (प्रति व्यक्ति की रिकार्ड हिन्दी एवं अंग्रेजी) के लिये शासन द्वारा निर्धारित अधिकतम दर रूपये 4.00 में वेन्डर द्वारा नियुक्त सुपरवाईजर का मानदेय भी शामिल है।

(24) वेन्डर को प्रत्येक 10 डाटा एन्ट्री आपरेटरों के कार्यो की जांच एवं सत्यापन हेतु एक सुपरवाईजर (तकनीकी रूप से सक्षम) की नियुक्ति निविदा की गई दर में ही करनी होगी।

(25) प्रत्येक निरस्त/गलत एन्ट्री के लिये कोई भुगतान नही किया जावेगा।

(26) संबंधित चार्ज अधिकारी के प्रशासकीय नियंत्रण में उक्त कार्य वेन्डर को कराना होगा एवं प्रशासकीय अधिकारी के द्वारा दिये गये निर्देशो को पालन करना होगा।

कलेक्टर
जिला दुर्ग (छ.ग)

प्रपत्र (अ) तकनीकी अर्हता

(1) निविदाकर्ता के नाम एवं संपूर्ण पता/ फोन नं.....

.....

.....

(2) कम्पनी/फर्म का नामः–.....

.....

(3) कम्पनी/फर्म का वाणिज्य कर विभाग द्वाराः–.....

पंजीयन नंबर का सत्यापित प्रति संलग्न करें.....

(4) वाणिज्य कर पंजीयन का कर (टैक्स) चुकता.....

प्रमाण पत्र सत्यापित प्रति संलग्न करें.....

(5) कार्य से संबंधित उपकरण की संख्या.....

(6) कर्मचारियों की उपलब्धता की जानकारी.....

एवं उनकी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण के.....

साथ सूची संलग्न करें.....

(7) कार्य का अनुभव दो वर्ष का (यदि कोई प्रमाण–.....

पत्र हो तो उसकी प्रति संलग्न करें).....

(8) कलेक्टर एवं जिला नागरिक पंजीयन रजिस्टार.....

दुर्ग के नाम पर अमानत राशि 25,000/– का.....

बैंक ड्राफ्ट नं0 एवं दिनांक.....

(9) आयकर चुकता प्रमाण पत्र की छायाप्रति.....

02 वर्ष (2013–14 एवं 2014–15)

(10) पेन कार्ड नम्बर .....

....

हस्ताक्षर

मो0नं0/फोन नं0:–

घोषणा–पत्र

मैं.....शपथ पूर्णक घोषणा करता हूँ कि इस निंविदा पत्र की सभी प्रविष्टि भली भांति पढ़ लिया है जो कि पूर्ण सत्य है। मैं निविदा के शर्तो का पालन करन का वचन देता हूँ।

दिनांकः–.....

.....

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

प्रपत्र (ब) वित्तीय लिफाफा

(1) निविंदादाता संस्था का पूरा नाम .....

.....

(2) निविंदादाता का नाम एवं मोबा0 / फोन नं0.....

.....

क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य का विवरण	प्रति डाटा एन्ट्री की दर	रिमार्क
1	एन0पी0आर0 के तहत डाटा एन्ट्री का कार्य	निर्धारित साफ्टवेयर में डाटा अपलोड करना		

दर शब्दों में लिखे रूपयों(.....)

.....

हस्ताक्षर

निविंदाकर्ता का नामः–.....

मो0नं0 / फोन नं0.....

टीपः– प्रस्तुत दरों में किसी भी प्रकार का उपरी लेखन मान्य नहीं किया जायेगा।